# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 35 हमारे वैज्ञानिक (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**प्रश्न 1.**
सर सी०वी० रमन का जीवन परिचय लिखिए। सी०वी० रमन की प्रमुख उपलब्धियाँ कौन-कौन सी हैं?
**नोट** – विद्यार्थी इस प्रश्न के उत्तर हेतु इस पाठ का सारांश भाग पढ़ें।

**प्रश्न 2.**
डॉ० होमी जहाँगीर भाभी के जीवन और उपलब्धियों के विषय में लिखिए।
**नोट** – विद्यार्थी इस प्रश्न के उत्तर हेतु इस पाठ का सारांश भाग पढ़ें।

**प्रश्न 3.**
अब्दुल कलाम के जीवन परिचय का उल्लेख संक्षेप में कीजिए एवं विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को विस्तार से लिखिए।
**नोट** – विद्यार्थी इस प्रश्न के उत्तर हेतु पाठ का सारांश भाग पढे।

**प्रश्न 4.**

**निम्नलिखित के विषय में पता करके लिखिए**
**पीएच-डी०, पद्म भूषण, भारत रत्न, नोबेल पुरस्कार**

**उत्तर :**
**पी०एच-डी०** – यह उपाधि 'डॉ० ऑफ फिलॉसफी' किसी शोध कार्य से सम्बन्धित लेख या ग्रन्थ लिखने पर विश्वविद्यालयों द्वारा अनुमोदित होने पर दी जाती है।
**पद्म भूषण** – यह पुरस्कार किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट और उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इसमें सरकारी कर्मचारी द्वारा की गई सेवा भी शामिल है।
**भारत रत्न** – उच्चकोटि के विद्वान, अद्वितीय राष्ट्र सेवा, विश्व शान्ति के लिए किए गए प्रयास आदि के लिए भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला देश का सर्वोच्च सम्मान।
**नोबेल पुरस्कार** – यह अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार है। यह स्वीडन के महान वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व खोजों या योगदानों के लिए दिया जाता है। ये क्षेत्र निम्न हैं

- चिकित्सा शास्त्र
- भौतिक विज्ञान
- रसायन विज्ञान
- साहित्य
- शान्ति
- अर्थशास्त्र।

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 5.**
निम्नलिखित का उत्तर संक्षेप में लिखिए

मिसाइल क्या है?
**उत्तर :**
किसी उपकरण के माध्यम से फेंककर मारा जाने वाला अस्त्र मिसाइल कहा जाता है। भारत के पास 'अग्नि' और 'पृथ्वी' मिसाइल अपनी रक्षा के लिए है।

**(2).**
वैज्ञानिक परीक्षण क्यों किए जाते हैं?
**उत्तर :**
वैज्ञानिक परीक्षण किसी तथ्य को जानने और उसकी सत्यता प्रमाणित करने के लिए किए जाते हैं।

**(3).**
सूर्य के प्रकाश में कितने रंग होते हैं?
**उत्तर :**
सूर्य के प्रकाश में सात रंग होते हैं- बैंगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी, लाल।

**(4).**
पानी का रंग नीला क्यों दिखाई पड़ता है?
**उत्तर :**
पानी का रंग नीला दिखाई देता है क्योंकि प्रकाश पारदर्शी माध्यम से गुजरेगा तो उसकी प्रकृति में बदलाव आ आएगा। सूर्य की किरणें पानी को परावर्तित कर देती हैं।

**(5).**
हवा से हवा में मार करना, जमीन से जमीन पर मार करने का क्या आशय है?
**उत्तर :**
हवा से हवा में मार करने से आशय है- हवाई युद्ध। जमीन से जमीन पर मार करने से आशय है- स्थल युद्ध जो जमीन (पृथ्वी या धरातल) पर लड़ा जाता है।

**प्रश्न 6.**
निम्न तालिका को पूरा कीजिए (पूरा करके)

https://www.evidyarthi.in/

| | क्षेत्र | सर सी०वी० रमन | डॉ होमी जहाँगीर भाभा | डॉ अब्दुल कलाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षा | एम०ए० तथा लेखा विभाग की परीक्षा | बी०एस-सी०, पी०एच-डी० | बी०एस-सी० इंजीनियरिंग परीक्षा |
| 2. | वैज्ञानिक खोजें | रमन--इफेक्ट | अन्तरिक्ष किरणों के रहस्य (परमाणु ऊर्जा) | प्रक्षेपक यान, एस०एल०वी०-3, अग्नि व पृथ्वी मिसाइल |
| 3. | प्राप्त सर्वोच्च पुस्कार/सम्मान | नोबेल पुरस्कार | एडम्स पुरस्कार, हाकिंस पुरस्कार, पद्म भूषण | भारत रत्न |
| 4. | वैज्ञानिक केन्द्रों की स्थापना | बंगलौर रमन इंस्टीट्यूट | अप्सरा, सिरस और जरलीना रिएक्टर, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर | – |

https://www.evidyarthi.in/